2023 का विधेयक सं.14

राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023

जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया जायेगा)

मेलों के विकास और विनियमन के प्रयोजन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना और गठन करने हेतु और उससे संसक्त या आनुषंगिक विषयों हेतु उपबंध करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के चौहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

अध्याय-1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारम्भ.- 1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण अधिनियम, 2023 है।

2) इसका विस्तार सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में होगा।

3) यह ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. परिभाषाएं.- 1) इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

क) "प्राधिकरण" से धारा 3 के अधीन गठित राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण अभिप्रेत है;

ख) "अध्य क्ष" से प्राधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

ग) "मुख्य कार्यपालक अधिकारी" से धारा 5 के अधीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदाभिहित कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

घ) "नियंत्रण कक्ष" से मेला क्षेत्र में मेला मजिस्ट्रेट का अस्थायी कार्यालय अभिप्रेत है;

ङ) "जिला मेला समिति" से धारा 9 के अधीन गठित जिला मेला समिति अभिप्रेत है;

च) "निधि" से धारा 14 के अधीन यथा गठित मेला विकास और प्रबंध निधि अभिप्रेत है;

छ) " मेला" से ऐसे मेले, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा प्राधिकरण के माध्यम से प्रबंधन के लिए अधिसूचित किया जाये, अभिप्रेत हैं;

ज) "मेला क्षेत्र" से कोई मेला संचालित या आयोजित करने के लिए स्थायी या अस्थायी रूप से उपयोग में लिया गया कोई स्थान अभिप्रेत है और इसमें उससे लगी हुई समस्त भूमियां और भवन सम्मिलित हैं;

झ) "मेला मजिस्ट्रे ट" से धारा 12 के अधीन मेला मजिस्ट्रेट के रूप में पदाभिहित कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

ञ) "मेला कालावधि" से जिला मेला समिति द्वारा की गयी सिफारिश के आधार पर मेला संचालित करने के लिए प्राधिकरण द्वारा नियत कालावधि अभिप्रेत है;

ट) "आयोजक" से वह व्यक्ति या वे व्यक्ति या न्यास या सोसाइटी या कम्पनी, जो मेला आयोजित करती हो, अभिप्रेत है;

ठ) "विहित" से नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है; और

ड) "नियम" से धारा 23 के अधीन बनाये गये नियम अभिप्रेत हैं।

2) उन शब्दों और अभिव्यक्तियों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु राजस्थान साधारण खण्ड अधिनियम, 1955 1955 का अधिनियम संख्या 8) में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो उन्हें उस अधिनियम में समनुदेशित किये गये हैं।

अध्याय-2

प्राधिकरण की स्थापना और गठन

3. प्राधिकरण की स्थापना और गठन.- 1) राज्य सरकार, इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण के नाम से, एक प्राधिकरण स्थापित और गठित करेगी।

2) प्राधिकरण निम्नलिखित से मिलकर बनेगा, अर्थात्:-

क)	पर्यटन विभाग का प्रभारी मंत्री	अध्यक्ष;
ख)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला प्रख्यात और विशिष्ट गैर-सरकारी व्यक्ति, जो मेलों के विकास में रुचि दिखाता हो	उपाध्यक्ष;
ग)	प्रभारी सचिव, गृह विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
घ)	प्रभारी सचिव, वित्त विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ङ)	प्रभारी सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
च)	प्रभारी सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
छ)	प्रभारी सचिव, पर्यटन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ज)	प्रभारी सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
झ)	प्रभारी सचिव, देवस्थान विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;

ञ)	प्रभारी सचिव, ऊर्जा विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ट)	प्रभारी सचिव, पशुपालन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ठ)	प्रभारी सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ड)	प्रभारी सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ढ)	प्रभारी सचिव, अल्पसंख्यक विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ण)	प्रभारी सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
त)	प्रभारी सचिव, सहकारिता विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
थ)	प्रभारी सचिव, परिवहन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
द)	प्रभारी सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;

ध)	प्रभारी सचिव, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
न)	प्रभारी सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
प)	प्रभारी सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग या संयुक्त सचिव से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
फ)	पुलिस महानिदेशक या अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून एवं व्यवस्था) से अनिम्न रैंक का कोई नामनिर्दिष्ट अधिकारी	सदस्य;
ब)	आयुक्त, पर्यटन	सदस्य;
भ)	निदेशक, स्थानीय निकाय	सदस्य;
म)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले तीन प्रख्यात और विशिष्ट गैर-सरकारी व्यक्ति, जो मेलों के विकास में रुचि दिखाते हैं	सदस्य;
य)	मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण	सदस्य-सचिव।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "प्रभारी शासन सचिव" से किसी विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है, और इसमें कोई अतिरिक्त मुख्य सचिव और कोई प्रमुख सचिव, जब वह उस विभाग का प्रभारी हो, सम्मिलित हैं।

3) प्राधिकरण पूर्वोक्त नाम का एक निगमित निकाय होगा जिसका शाश्वत उत्तराधिकार होगा और उसकी सामान्य मुद्रा होगी और

उसे इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की संपत्ति अर्जित, धारित और व्ययनित करने की, और संविदा करने की, शक्ति होगी और वह उक्त नाम से वाद ला सकेगा या उसके विरुद्ध वाद लाया जा सकेगा।

4) उपाध्यक्ष और नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों की अवधि तीन वर्ष होगी।

5) उपाध्यक्ष और नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते ऐसे होंगे, जो विहित किये जायें।

6) प्राधिकरण का मुख्यालय जयपुर में होगा।

4. प्राधिकरण के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की शक्तियां और कृत्य.- 1) प्राधिकरण का अध्यक्ष, प्राधिकरण की ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा, जो विहित किये जायें।

2) प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, अध्यक्ष की ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो विहित किये जायें या जो उसे अध्यक्ष द्वारा प्रत्यायोजित किये जायें।

5. प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी.- 1) राज्य सरकार प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में संयुक्त शासन सचिव से अनिम्न रैंक के किसी अधिकारी को पदाभिहित करेगी।

2) मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और नियन्त्रण का प्रयोग करेगा।

3) मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो विहित किये जायें और प्राधिकरण के विनिश्चयों और अध्यक्ष के निर्देशों का क्रियान्वयन करेगा।

6. प्राधिकरण के कर्मचारिवृंद.- 1) प्राधिकरण अपने कार्यालय को चलाने और दिन-प्रतिदिन के कार्य के लिए ऐसे स्थायी और अस्थायी कर्मचारिवृंद रखेगा।

2) प्राधिकरण, राज्य सरकार के अनुमोदन से, प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के पद सृजित कर सकेगा।

3) उप-धारा 1) के अधीन नियुक्त किये गये कर्मचारिवृंद के वेतन और भत्तों सहित सेवा के निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी, जो विहित की जायें।

4) इस अधिनियम के अ धीन अपने कृत्यों के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण, राज्य सरकार के अनुमोदन से किसी अधिकारी या कर्मचारी की सेवाओं की अध्यपेक्षा कर सकेगा।

5) उप-धारा 1) में निर्दिष्ट कर्मचारिवृंद मुख्य कार्यपालक अधिकारी के प्रशासनिक और अनुशासनिक नियन्त्रण के अधीन होंगे।

7. प्राधिकरण की बैठकें.- प्राधिकरण की बैठक प्रत्येक छह मास में कम से कम एक बार या अध्यक्ष की वांछा पर, किसी भी समय जब कभी अपेक्षित हो, आयोजित की जा सकेगी।

अध्याय-3

प्राधिकरण की शक्तियां और कृत्य

8. प्राधिकरण की शक्तियां और कृत्य.- 1) प्राधिकरण, मेला के उचित कार्यकरण, विनियमन और प्रबन्धन के लिए विनिश्चय कर सकेगा साथ ही राजस्व स्रोतों के संवर्धन के लिए, सरकार या अन्य स्रोतों से अनुदानों द्वारा निधि की व्यवस्था के लिए नीति निदिष्ट और विनिश्चित कर सकेगा।

2) प्राधिकरण, राज्य में विभिन्न मेलों के आयोजन और यथोचित तथा सुरक्षित प्रबंधन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत विरचित करेगा। ये मार्गदर्शक सिद्धांत मेलों के आयोजकों के लिए आबद्धकारी होंगे।

3) प्राधिकरण को किसी मेला को, उसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए या इस संबंध में अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचना के आधार पर अपने प्राधिकार के अधीन लाने के लिए सिफारिशें करने की शक्तियां होंगी।

4) प्राधिकरण ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करेगा जो इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक हों।

अध्याय-4

जिला मेला समिति

9. जिला मेला समिति.- 1) राज्य सरकार, प्राधिकरण द्वारा लिये गये विनिश्चयों के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले में एक जिला मेला समिति गठित करेगी।

2) जिला मेला समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

क)	जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट	अध्यक्ष;
ख)	पुलिस अधीक्षक/ पुलिस उपायुक्त	सदस्य;
ग)	अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग	सदस्य;
घ)	अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग	सदस्य;
ड.)	अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण डिस्काम	सदस्य;
च)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	सदस्य;
छ)	क्षेत्रीय/ जिला परिवहन अधिकारी	सदस्य;
ज)	मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला परिषद्	सदस्य;
झ)	जिला उद्योग अधिकारी,	सदस्य;
ञ)	उप रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी	सदस्य;
ट)	मेला मजिस्ट्रेट	सदस्य;
ठ)	सहायक मेला मजिस्ट्रेट	सदस्य;
ड)	संबंधित मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ कार्यपालक अधिकारी, स्थानीय निकाय	सदस्य;

ढ)	खण्ड विकास अधिकारी	सदस्य;
ण)	सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग	सदस्य;
त)	संबंधित सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग	सदस्य;
थ)	संबंधित सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग	सदस्य;
द)	जन सम्पर्क अधिकारी	सदस्य;
ध)	अग्नि शमन अधिकारी, आपदा प्रंबंधन	सदस्य;
न)	प्रभारी, जिला नागरिक सुरक्षा इकाई	सदस्य;
प)	जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले दो प्रख्यात और विशिष्ट गैर-सरकारी व्यक्ति जो मेलों के विकास में रूचि दिखाते हैं	सदस्य;
फ)	जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट	सदस्य–सचिव।

3) जिला मे ला समिति प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर दिये गये अनुदेशों के अनुसार मेले के आयोजन से संबंधित समस्त विनिश्चय करेगी।

4) यदि किसी मेले का मेला क्षेत्र एक से अधिक जिलों में आता है, तो मेले के लिए जिला मेला समिति, प्राधिकरण द्वारा अवधारित की जायेगी और प्रत्येक जिले का जिला प्रशासन उस जिला मेला समिति के साथ समन्वय और सहयोग करेगा।

5) नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों की अवधि तीन वर्ष होगी।

6) नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते ऐसे होंगे, जो विहित किये जायें।

10. जिला मेला समिति की बैठक.- जिला मेला समिति की बैठक, अध्यक्ष द्वारा यथाविनिश्चित किसी भी समय जब कभी अपेक्षित हो, आयोजित की जा सकेगी।

11. जिला मेला समिति के कृत्य.- जिला मेला समिति निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगी:-

क) सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रीति से मेले को आयोजित करने के क्रम में मेला क्षेत्र का दौरा करना;

ख) प्रत्येक मेले की प्रबंध योजना की परीक्षा करना और उसे अंतिम रूप देना तथा अंतिम अनुमोदन के लिए उसे प्राधिकरण को अग्रेषित करना;

ग) मेले के लिए नवीन प्रस्तावों की परीक्षा करना और उसे अनुमोदन के लिए प्राधिकरण को अग्रेषित करना;

घ) मेले के लिए राज्य सरकार से बजट अभिप्राप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करना और उन्हें प्राधिकरण को अग्रेषित करना;

ड.) प्रत्येक मेले के पश्चात् एक पुनर्विलोकन बैठक आयोजित करना और उसकी रिपोर्ट प्राधिकरण को प्रस्तुत करना; और

च) प्राधिकरण द्वारा समनुदेशित अन्य कृत्यों का पालन करना।

12. मेला मजिस्ट्रेट.- 1) जिला मेला समिति का अध्यक्ष, जिले में मेले के आयोजन, नियंत्रण, प्रबंधन और विनियमन के प्रयोजन के लिए प्रत्येक मेले के लिए एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट को मेला मजिस्ट्रेट के रूप में और उतने अधिकारियों को सहायक मेला मजिस्ट्रेट के रूप में पदाभिहित करेगा जितने आवश्यक हों।

2) मेला क्षेत्र में मेला मजिस्ट्रेट का एक अस्थायी कार्यालय होगा, जो नियंत्रण कक्ष के रूप में कार्य करेगा।

13. मेला मजिस्ट्रेट की शक्तियां.- 1) प्राधिकरण या जिला मेला समिति के निदेश, नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन रहते हुए, मेला मजिस्ट्रेट, मेले के आयोजन से संबंधित समस्त मामलों के संबंध में व्यवस्थाओं को मॉनीटर करेगा और उसे आयोजक या अधिकारी को निम्नलिखित के लिए आदेश देने की भी शक्ति होगी:-

क) मेला कालावधि के दौरान विभिन्न प्रयोजनों के लिए लोक हित में रिक्त स्थान का किराये पर अस्थायी आबंटन;

ख) मेला क्षेत्र में अवस्थित भवनों का संरक्षण;

ग) आग बुझाने के लिए जल या किसी अन्य सामग्री की आपूर्ति;

घ) किसी विस्फोटक सामग्री के प्रवेश या उपयोग को प्रतिषिद्ध करना;

ड.) खतरनाक संक्रामक रोगों से पीड़ित किसी संदिग्ध व्यक्ति को मेला क्षेत्र से हटाना;

च) किसी घर, आवास, भवन, जल आपूर्ति स्रोत या संक्रमण के किसी अन्य संदिग्ध स्रोत का विसंक्रामण करना;

छ) किसी व्यक्ति को कानून और व्यवस्था के आधारों पर मेला क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकना या हटाना;

ज) मानव उपभोग के लिए हानिकारक किसी खाद्य या अन्य पदार्थ को नष्ट करना;

झ) श्रद्धालुओं को पूजा के धार्मिक स्थानों पर व्यवस्थित और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करना; और

ञ) गतिशील और स्था यी जन सुविधाओं, चिकित्सा सुविधाओं, विद्युत और जल, सुरक्षा, परिवहन और सड़क की सुगम सेवाओं की व्यवस्था करना।

2) उप-धारा 1) के किसी भी खण्ड के अधीन किये गये आदेश की प्रति संबंधित आयोजक को उपलब्ध करवायी जायेगी।

अध्याय-5

निधि, लेखा और संपरीक्षा

14. निधि का गठन.-(1) मेला विकास और प्रबंध निधि के नाम से एक निधि का गठन किया जायेगा।

2) निम्नलिखित धन निधि के भाग होंगे और इसमें संदत्त किये जायेंगे, अर्थात्:-

i) राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार से प्राप्त कोई अनुदान;

ii) इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरण द्वारा प्राप्त कोई फीस और अधिभार;

iii) कोई भी न्यास, वसीयतें, दान, विन्यास और अन्य अनुदान; और

iv) प्राधिकरण के निमित्त प्राप्त कोई अन्य राशियां।

3) निधि इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिये उपयोजित की जायेगी और अन्यथा नहीं।

15. लेखे और संपरीक्षा.- 1) प्राधिकरण के लेखे ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तैयार और संधारित किये जायेंगे, जो विहित किये जायें।

2) प्राधिकरण के लेखे , राजस्थान स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम सं. 28) के उपबंधों के अनुसार या यथाविहित रीति से निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण द्वारा संपरीक्षा के अध्यधीन होंगे।

16. वार्षिक रिपोर्ट.- 1) प्राधिकरण प्रत्येक वर्ष, उस वर्ष के दौरान इस अधिनियम के अधीन किये गये अपने क्रियाकलापों की एक रिपोर्ट तैयार करेगा और रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा।

2) राज्य सरकार, उप-धारा 1) के अधीन रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात्यथाशक्य शीघ्र, इसे राज्य विधान-मंडल के सदन के समक्ष रखवायेगी।

अध्याय-6

आयोजकों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

17. मेलों का आयोजन.- 1) कोई भी आयोजक जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामनिर्दिष्ट उप-खंड मजिस्ट्रेट से अनिम्न रैंक के किसी अधिकारी से अनुज्ञा लिये बिना किसी मेले का आयोजन नहीं करेगा।

2) कोई आयोजक , मेला प्रारंभ होने से तीस दिवस पूर्व ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, मेला आयोजित करने की अनुज्ञा के लिये आवेदन करेगा। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई अधिकारी इसका विनिश्चय सात दिवस की कालावधि के भीतर करेगा।

18. आयोजक के उत्तरदायित्व.- 1) कोई आयोजक मेला आयोजित करने के लिए सुनियोजित योजना बनायेगा और लोक सुरक्षा की विशिष्टताएं निम्नानुसार प्रतिष्ठापित करेगा, अर्थात्:-

क) मेला क्षेत्र में वाहनों के लिए मूलभूत पार्किंग सुविधा और भिन्न-भिन्न प्रवेश और निकास बिन्दु उपलब्ध कराना;

ख) सुरक्षा कार्मिक अभिनियोजित करना ; और

ग) अग्नि निवारण और जीवन सुरक्षा अध्यु पाय प्रतिष्ठापित करना।

2) आयोजक अन्य उत्तरदायित्वों का, जो विहित किये जायें, भी वहन करेगा।

3) आयोजक , अनुज्ञा में यथा उल्लिखित निबंधनों और शर्तों का, जो नियमों द्वारा विहित किये गये हैं, पालन करेगा।

अध्याय-7

दण्ड और शास्तियां

19. अपराधों के लिए दण्ड.- 1) यदि कोई आयोजक बिना अनुज्ञा के या प्रदान की गयी अनुज्ञा प्रतिसंहृत किये जाने के पश्चात् भी मेले का आयोजन करता है, तो वह साधारण कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से या दोनों से, दण्डित किया जायेगा।

2) यदि कोई आयोजक अनुज्ञा के निबंधनों और शर्तों की अवज्ञा करता है, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जायेगा।

3) यदि मेला आयोजन के दौरान आयोजक की उपेक्षा के कारण किसी प्रकार की जीवन-हानि होती है, तो वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जायेगा।

4) यदि कोई व्यक्ति बिना किसी अनुज्ञा के मेला क्षेत्र के भीतर कोई अनधिकृत सन्निर्माण करता है या मेला कालावधि के दौरान ऐसी कारबार अनुज्ञप्ति के निबंधनों और शर्तों का अतिक्रमण करता है या इस अधिनियम के किसी उपबंध का या तदधीन बनाये गये किसी नियम का

उल्लंघन करता है तो वह साधारण कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जायेगा।

(5) इस अधिनियम के अधीन मेला मजिस्ट्रेट द्वारा की गयी शिकायत के सिवाय कोई न्यायालय किसी अपराध का संज्ञान नहीं लेगा।

20. न्यास या सोसाइटी या कंपनी द्वारा अपराध.- 1) जहां इस अधिनियम के अधीन किसी न्यास या सोसाइटी या कंपनी द्वारा कोई अपराध कारित किया गया है, वहां ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो अपराध कारित किये जाने के समय उस न्यास या सोसाइटी या कंपनी के कारबार के संचालन के लिए उस न्यास या सोसाइटी या कंपनी का प्रभारी था और उसके प्रति उत्तरदायी था, और साथ ही वह न्यास या सोसाइटी या कंपनी भी, ऐसे अपराध के दोषी समझे जायेंगे और तदनुसार अपने विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और दण्डित किये जाने के लिए दायी होंगे:

परन्तु इस उप-धारा में अन्तर्विष्ट कोई बात, किसी ऐसे व्यक्ति को इस अधिनियम में उपबंधित किसी दण्ड के लिए दायी नहीं बनायेगी, यदि वह साबित कर देता है कि अपराध उसकी जानकारी के बिना कारित किया गया था या उसने ऐसे अपराध का किया जाना रोकने के लिए समस्त सम्यक तत्परता बरती थी।

2) उप-धारा 1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध किसी न्यास या सोसाइटी या कंपनी द्वारा कारित किया गया है और यह साबित हो जाता है कि वह अपराध न्यास के किसी सदस्य या सोसाइटी के सदस्य या न्यास या सोसाइटी या कंपनी के निदेशक, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी की सहमति या मौनानुकूलता से किया गया है या इनकी किसी उपेक्षा के कारण हुआ माना जा सकता है, वहां न्यास का ऐसा सदस्य या सोसाइटी का सदस्य या निदेशक, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी तदनुसार अपने विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और दण्डित किये जाने के लिए दायी होगा।

अध्याय-8
विविध

21. सद्भावपूर्वक की गयी कार्रवाई से संरक्षण.- राज्य सरकार या प्राधिकरण और जिला मेला समिति के अध्यक्षों या सदस्यों या उक्त प्राधिकरण या समिति के निदेश के अधीन कार्य कर रहे किसी अन्य कर्मचारी या अधिकारी के विरुद्ध इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों के अधीन सद्भावपूर्वक की गयी या किये जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं की जायेगी।

22. प्राधिकरण का विघटन.- 1) जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाये कि वह प्रयोजन, जिसके लिए इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरण की स्थापना की गयी थी, सारवान रूप से पूरा किया जा चुका है जिसके कारण राज्य सरकार की राय में प्राधिकरण का अस्तित्व में बने रहना अनावश्यक हो गया है, वहां राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, घोषणा कर सकेगी कि प्राधिकरण ऐसी तारीख से विघटित हो जायेगा जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाये और प्राधिकरण तदनुसार विघटित हुआ समझा जायेगा।

2) उक्त तारीख से -

क) समस्त आस्तियां, सम्पत्तियां, निधियां और शोध्य जो प्राधिकरण में निहित हों या उसके द्वारा वसूली योग्य हों, राज्य सरकार में निहित होंगी या उसके द्वारा वसूली योग्य होंगी;

ख) समस्त देयताएं, जो प्राधिकरण के विरुद्ध प्रवर्तनीय हैं, राज्य सरकार के विरुद्ध प्रवर्तनीय होंगी; और

ग) किसी विकास के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए जो प्राधिकरण द्वारा पूर्णत: कार्यान्वित नहीं किया गया है और खण्ड क) में निर्दिष्ट आस्तियों, सम्पत्तियों, निधियों और शोध्यों की वसूली के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण के कृत्यों का राज्य सरकार द्वारा निर्वहन किया जायेगा।

23. राज्य सरकार की नियम बनाने की शक्ति.- 1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

2) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये समस्त नियम, उनके इस प्रकार बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, चौदह दिवस की कुल कालावधि के लिए, जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और यदि उस सत्र की, जिसमें वे इस प्रकार रखे गये हैं, या ठीक अगले सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मण्डल का सदन ऐसे किन्हीं नियमों में कोई उपान्तरण करता है या यह संकल्प करता है कि ऐसा नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् ऐसे नियम केवल ऐसे उपांतरित रूप में प्रभावी होंगे या, यथास्थिति, उनका कोई प्रभाव नहीं होगा तथापि, ऐसा कोई भी उपांतरण या बातिलकरण उसके अधीन पूर्व में की गयी किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

24. कठिनाइयों के निराकरण की शक्ति.- 1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसे उपबंध कर सकेगी जो इस अधिनियम से असंगत न हों और जो कठिनाई के निराकरण के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों:

परन्तु इस धारा के अधीन कोई भी आदेश इस अधिनियम के प्रारंभ से दो वर्ष की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

2) इस धारा के अधीन जारी की गयी प्रत्येक अधिसूचना, उसके इस प्रकार किये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष रखी जायेगी।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राजस्थान राज्य में प्रतिवर्ष कई धार्मिक और सांस्कृतिक मेले आयोजित किये जाते हैं, जिनमें देश और विदेश, दोनों से बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक स्थानीय लोगों के साथ सम्मिलित होते हैं। वर्तमान में, राज्य में कोई प्रभावी निकाय या कोई प्राधिकरण नहीं है जो इन मेलों के विकास, प्रबंधन और विनियमन के लिये कार्य कर सके।

मेहरानगढ़ किला, जोधपुर में मेले के आयोजन के दौरान हुई भगदड़ की दुर्घटना में सैंकड़ों जिन्दगियां चली गयी थीं।

उक्त भगदड़ की दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए और मेलों के आयोजन में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिऐ, राज्य सरकार ने राज्य के मेलों के सुरक्षित आयोजन, विकास, प्रबंधन और विनियमन के लिये राज्य के प्रत्येक जिले में एक प्रभावी प्राधिकरण और जिला समितियों के संस्थापन और गठन की आवश्यकता महसूस हुई है। इस प्रकार, राज्य सरकार ने एक विधायन अर्थात् □राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023" लाने का विनिश्चय किया है।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

विश्वेन्द्र सिंह,
प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड 3) के अधीन महामहिम राज्यपाल महोदय की सिफारिश।

प्रतिलिपि: संख्या प. 2 21) विधि/ 2/ 2023 जयपुर, दिनांक 23 मई, 2023
प्रेषक: विश्वेन्द्र सिंह, प्रभारी मंत्री, प्रेषिति: प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड 3) के प्रसंग में, मैं, राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023 को राजस्थान विधान सभा में विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश करता हूं।

वित्तीय ज्ञापन

राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023 के खण्ड 3, 6, 8, 9 और 14, यदि अधिनियमित किये जाते हैं तो, राज्य की संचित निधि में से व्यय अंतर्वलित होगा।

राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण की स्थापना के लिये उपगत किये जाने वाले अनावर्ती और आवर्ती व्यय की संगणना कर ली गयी है।

आवर्ती व्यय के लिये लगभग एक करोड़ पन्द्रह लाख रुपये प्रतिवर्ष अपेक्षित होंगे, जिनमें समय के साथ वृद्धि हो सकती है। इस व्यय के लिये, बजट 2023-24 में एक अनुमानित उपबंध प्रस्तावित किया जा रहा है और कोई अनावर्ती व्यय अपेक्षित नहीं होगा।

विश्वेन्द्र सिंह,
प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक के निम्नलिखित खण्ड, यदि अधिनियमित किये जाते हैं, तो ऐसे प्रत्येक खण्ड के सामने उल्लिखित मामलों के संबंध में, राज्य सरकार को नियम बनाने के लिए सशक्त करेंगे:-

धारा	के संबंध में
35)	उपाध्यक्ष और नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते विहित करना;
41)	अध्यक्ष द्वारा प्रयोग और निर्वहन की जाने वाली प्राधिकरण की शक्तियों और कृत्यों को विहित करना;
42)	उपाध्यक्ष द्वारा प्रयोग और निर्वहन की जाने वाली प्राधिकरण के अध्यक्ष की शक्तियों और कृत्यों को विहित करना;
53)	मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों और पालन किये जाने वाले कृत्यों को विहित करना;
63)	स्थायी और अस्थायी कर्मचारिवृंद के वेतन और भत्तों को सम्मिलित करते हुए, सेवा के निबंधन और शर्तें विहित करना;
96)	नामनिर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्यों के भत्ते विहित करना;
151)	प्राधिकरण के लेखे तैयार और संधारित किए जाने का प्ररूप और रीति विहित करना;
152)	प्राधिकरण के लेखों को संपरीक्षित किए जाने की रीति विहित करना;
172)	वह प्ररूप और रीति विहित करना, जिसमें कोई आयोजक मेला आयोजित करने की अनुज्ञा के लिए आवेदन करेगा;
182)	किसी आयोजक द्वारा वहन किए जाने वाले अन्य उत्तरदायित्वों को विहित करना;

183)	आयोजक द्वारा पालन किये जाने वाले अनुज्ञा में उल्लिखित निबंधन और शर्तें विहित करना; और
231)	इस अधिनियम के प्रयोजनों को सामान्यत: कार्यान्वित करना।

प्रस्तावित प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है और मुख्यत: ब्यौरे के विषयों से संबंधित है।

विश्वेन्द्र सिंह,
प्रभारी मंत्री।

Bill No. 14 of 2023

(Authorised English Translation)

THE RAJASTHAN STATE MELA AUTHORITY BILL, 2023

(To be introduced in the Rajasthan Legislative Assembly)

A

Bill

to provide for the establishment and constitution of an authority for the purpose of development and regulation of the Melas and for matters connected therewith or incidental thereto.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Seventy-fourth Year of the Republic of India, as follows:-

CHAPTER-I

Preliminary

1. Short title, extent and commencement.- (1) This Act may be called the Rajasthan State Mela Authority Act, 2023.

(2) It shall extend to the whole of the State of Rajasthan.

(3) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Definitions.- (1) In this Act, unless the context otherwise requires,-

(a) "Authority" means the Rajasthan State Mela Authority constituted under section 3;

(b) "Chairperson" means the Chairperson of the Authority;

(c) "Chief Executive Officer" means an officer designated as the Chief Executive Officer under section 5;

(d) "control room" means the temporary office of the Mela Magistrate in the Mela area;

(e) "District Mela Committee" means the District Mela Committee constituted under section 9;

(f) "Fund" means the Mela Development and Management Fund as constituted under section 14;

(g) "Mela" means such Melas which are notified by the State Government, for management through the Authority;

(h) "Mela Area" means any place used permanently or temporarily for holding or organising a Mela and includes all lands and buildings appurtenant thereto;

(i) "Mela Magistrate" means an officer designated as a Mela Magistrate under section 12;

(j) "Mela Period" means the period fixed by the Authority for holding the Mela on the basis of recommendation by the District Mela Committee;

(k) "organiser" means the person or persons or Trust or Society or Company who organises Mela;

(l) " prescribed" means as prescribed by rules; and

(m) "rules" means rules made under section 23.

(2) Words and expressions used herein and not defined but defined in the Rajasthan General Clauses Act, 1955 (Act No. 8 of 1955) have the same meanings as assigned to them in that Act.

CHAPTER-II

Establishment and constitution of the Authority

3. Establishment and constitution of the Authority*.- (1) As soon as may be after the commencement of this Act, the State Government shall, by notification in the Official Gazette, establish and constitute for the purpose of this Act, an Authority, to be called the Rajasthan State Mela Authority.*

(2) The Authority shall consist of the following, namely:-

(a)	*the Minister in-charge of the Department of Tourism*	*Chairperson;*

(b)	*eminent and distinguished non-government person, who evince interest in development of Melas, to be nominated by the State Government*	*Vice-Chairperson;*
(c)	*the Secretary in-charge, Department of Home or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(d)	*the Secretary in-charge, Department of Finance or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(e)	*the Secretary in-charge, Department of Medical and Health or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(f)	*the Secretary in-charge, Department of Public Works or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(g)	*the Secretary in-charge, Department of Tourism or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(h)	*the Secretary in-charge, Department of Art and Culture or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
(i)	*the Secretary in-charge, Department of Devasthan or an officer nominated not below the rank of Joint Secretary*	*Member;*
